एंटरोवायरस 71का संक्रमण

24 अप्रैल 2020

कॉसटिव एजेंट

एंटरोवायरस 71(**EV71**) एक सिंगल-स्ट्रेन्डेड आरएनए वायरस है और यह हाथ, पैर और मुंह की बीमारी (एचएफएमडी - **HFMD**) के लिए कॉसटिव एजेंटों में से एक है।
इवी 71(**EV71**) का संक्रमण आमतौर पर दक्षिण पूर्व एशियाई इलाकों में होता है, खासकर गर्मियों और शुरुआती शरद ऋतु में। इसके प्रकोप की सूचना ऑस्ट्रेलिया, मेनलैंड चाइना, मलेशिया, सिंगापुर, ताइवान आदि में मिली है।

चिकित्सीय लक्षण

EV71का संक्रमण ज्यादातर छोटे बच्चों को प्रभावित करता है। रोगियों में एचएफएमडी के लक्षणों के मौजूद होने के साथ आमतौर परबुखार, मुंह में छाले और लाल चकत्ते के साथ फफोले भी देखे गए हैं। इस बीमारी की शुरुआत आमतौर पर बुखार, भूख में कमी, थकान और गले में खराश के साथ होती है। बुखार शुरू होने के एक या दो दिन बाद, मुंह में कष्टदायक छाले हो सकतें हैं। शुरुआत में ये फफोलों के साथ छोटे लाल धब्बे जैसे दिखते हैं और बाद में अक्सर अल्सर बन जाते हैं। ये ज्यादातर जीभ, गम और गाल के अंदर दिखाई देते हैं।इसके साथ बिना खुजली वाले त्वचा पे लाल चकत्ते और कभी-कभी फफोले भी हो सकते हैं। दाने आमतौर पर हाथों की हथेलियों और पैरों के तलवों पर दिखाई देते हैं और कभी-कभी कूल्हों और/या गुप्तांगों पर भी दिखाई दे सकते हैं। एचएफएमडी(**HFMD**)वाले व्यक्ति में कभी तो कोई लक्षण नहींहोते या केवल दाने या मुंह के छाले हो सकते हैं। EV71 कई अधिक गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है, जैसे कि वायरल(एसेप्टिक-**aseptic**)मेनिन्जाइटिस, एन्सेफलाइटिस, पोलियोमाइलाइटिस -जैसे पैरालिसिस और मायोकार्डिटिस।

संक्रमण के माध्यम

यह बीमारी मुख्य रूप से किसी संक्रमित व्यक्ति की नाक या गले से निकले कण, लार, पुटिकाओं या मल के तरल पदार्थ या दूषित वस्तुओं को छूने या संपर्क में आने से फैलती है।इस रोग में संक्रमण का खतरा न सिर्फ शुरुवाती चरणों में बल्कि काफी लंबे समय तक रह सकता है क्योंकि वायरस का मल-त्याग कई हफ्तों तक जारी रह सकता है।

विकसित होने की अवधि

विकसित होने की अवधि आमतौर पर 3 - **5**दिनों तक होती है।

उपचार

वर्तमान में EV71 संक्रमण के लिए कोई विशिष्ट उपचार उपलब्ध नहीं है। लक्षणात्मक उपचार बुखार

और अल्सर के दर्द से राहत दे सकता है। ज्यादातर मामलों में यह बीमारी आत्म-सीमित होती हैंऔर इसके लक्षण जैसे बुखार, दाने और अल्सर आमतौर पर एक सप्ताह में कम होने लगते हैं।माता-पिता को अपने बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए और यदि उनके बच्चों में एचएफएमडी(**HFMD)** के निम्नलिखित लक्षण विकसित होने लगें तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए:

- लगातार तेज बुखार
- बार-बार उल्टी होना
- लगातार नींद या उनींदापन
- मायोक्लोनिक झटके या अचानक अंगों में कमजोरी

संक्रमित बच्चों को स्कूलों या सामूहिक गतिविधियों जैसे कि पार्टियों, दिलचस्प कक्षाएं, तैराकी आदि से परहेज करने की सलाह तब तक दी जाती है जब तक की बुखार के उतरे हुए 2 हफ़्तों न हो गए हों और सभी वेसिकुलर घाव सूख कर क्रस्ट हो गए हों ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। सख्त व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता के माध्यम से परिवार के अन्य सदस्यों, विशेष रूप से बच्चों को संक्रमण से बचाएं (रोकथाम के लिए नीचे दी गई सलाह देखें)।

रोक-थाम

ईवी 71(**EV71)**के संक्रमण को रोकने के लिए हांगकांग में फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। अच्छी व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता ही रोकथाम का मुख्य आधार है।

१. अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखें

- हाथों को बार-बार स्वच्छ करें, विशेषकर मुंह, नाक या आंखों को छूने से पहले और बाद; खाना खाने या उसे संभालने से पहले; छाले को छूने के बाद; और शौचालय का उपयोग करने के बाद।
- तरल साबुन और पानी से हाथ धोएं और कम से कम 20सेकंड के लिए रगड़ें। इसके बाद पानी से हाथ धो लें और एक साफ कपास या कागज के तौलिए के साथ सूखा लें। यदि हाथ धोने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, या जब हाथ स्पष्ट रूप से गंदे नहीं हुए हैं, तो 70% से 80% शराब आधारित हैंड्रब के साथ हाथ की सफाई करना एक प्रभावी विकल्प है।
- खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को टिशू पेपर से ढकें। गंदे टिशू पेपर को एक ढक्कनदार कचरे के डब्बे में डालकर, हाथों को अच्छी तरह से धो लें।
- भोजन के समय चॉपस्टिक और चम्मच का उपयोग करें। दूसरों के साथ भोजन और पेय पदार्थ साझा न करें।
- तौलिए और व्यक्तिगत वस्तुओं को दूसरों के साथ साझा न करें।
- संक्रमित व्यक्तियों के साथ निकट संपर्क (जैसे चुंबन, गले लगना) से बचें।
- काम करने से या स्कूल के कक्षा में भाग लेने से बचें और अस्वस्थ महसूस होने पर चिकित्सीय सलाह ले।
- संक्रमित व्यक्तियों को भोजन सँभालने तथा बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षा में अक्षम लोगों की देखभाल करने से दूर रखें।

२. अच्छी पर्यावरणीय स्वच्छता बनाए रखें

- आमतौर पर छुए जाने वाले सतहों जैसे की फर्नीचर, खिलौने और ज्यादातर साझा किये जाने वाले सामानों को 1:99 के अनुपात में पतले घरेलू ब्लीच (पानी के 99 भाग के साथ 5.25% ब्लीच का 1 हिस्सा मिलाकर) से नियमित रूप से साफ और कीटाणु मुक्त करें और सतहों को 15 से 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से साफ करके सूखालें। धातु की सतह के लिए, **70%** शराब आधारित निस्संक्रामक का प्रयोग करें।
- सांस के स्राव, उल्टी या मलत्याग जैसे स्पष्ट तौर पर दूषित पदार्थों को पोंछने के लिए सोखनेवाले डिस्पोजेबल तौलिए का उपयोग करें और फिर 1:49 के अनुपात में पतले घरेलू ब्लीच(पानी के 49 भाग में 5.25% ब्लीच का 1 भाग मिलाकर) के साथ उस सतह और आस पास के सतहों को कीटाणु मुक्त करें। 15-30 मिनट के लिए छोड़ने के बाद पानी से साफ़ करके सूखालें। धातु की सतह के लिए, **70%** शराब आधारित निस्संक्रामक का प्रयोगकरें।
- जब स्कूल या संस्थान में एचएफएमडी**(HFMD)**के प्रकोप का पता चले तो सामूहिक गतिविधियों से बचें। इसके अलावा कर्मचारियों की गतिविधियों को कम करें और जहां तक संभव हो बच्चों के एक समूह की देखभाल के लिए कर्मचारियों के एक ही समूह की व्यवस्था करें।